# मातृभाषा सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में इजाफा, अब मिलेंगे 15 हजार

## सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए स्टेज कैरिज योजना में संशोधन को मंजूरी



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मातृभाषा सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन बढ़ाने का फैसला लिया। बैठक में हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों और हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन एवं अन्य सुविधाएं योजना, 2018 के तहत दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही मंत्रिमंडल की बैठक में नगर पालिका, कनीना की खसरा संख्या 207/9, 10 में स्थित 209 वर्ग मीटर भूमि को सेवा भारती हरियाणा प्रदेश पंजीकृत, कनीना को स्थायी धर्मार्थ स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को मंजूरी प्रदान की।

यह निर्णय व्यापक जनहित को देखते हुए लिया गया है और सरकार ने सेवा भारती हरियाणा प्रदेश को 8 लाख 25 हजार रुपये की लागत पर उक्त भूमि प्रदान करने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार सेवा भारती हरियाणा प्रदेश को स्थायी धर्मार्थ स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए आकस्मिक शुल्क, यदि कोई है तो भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्राम सातरोड खुर्द में नगर निगम, हिसार की 2998.20 वर्ग मीटर भूमि को भगवान वाल्मिकि अंबडेकर शिक्षा समिति (रजि.) हिसार को धर्मशाला/छात्रावास के निर्माण के लिए हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की। भगवान वाल्मीकि अंबेडकर शिक्षा समिति एक पंजीकृत समिति है और सक्रिय रूप से धर्मार्थ व समाज सेवा के साथ-साथ वंचित वर्ग के विशेषकर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करा रहा है।

### यूएचबीवीएन के लिए 500 करोड़ की राज्य सरकार गारंटी प्रदान करने के लिए घटनोत्तर दी स्वीकृति

मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) के 500 करोड़ रूपये के स्वीकृत कैपेक्स ऋण के पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के पक्ष में 500 करोड़ रूपये की राज्य सरकार की गारंटी प्रदान करने के प्रस्ताव को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की। निगम विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत फंड-आधारित और गैर-फंड-आधारित कार्यशील पूंजी सीमाओं का उपयोग करके अपने दैनिक कार्यों के संचालन का प्रबंधन करता है। फंड आधारित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यूएचबीवीएन ने बैंक से 500 करोड़ रूपये के कैपेक्स ऋण को मंजूरी देने का अनुरोध किया था और पंजाब नेशनल बैंक ने निगम के अनुरोध पर विचार कर 500 करोड़ रूपये का कैपेक्स ऋण स्वीकृत किया है।

### हरियाणा ग्राम शामलात भूमि संशोधन विधेयक 2024 के प्रारूप को स्वीकृति

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 में आगे संशोधन करने के लिए हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2024 के प्रारूप को दी स्वीकृति प्रदान की। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, शामलात देह में भूमि का स्वामित्व, जो पूर्वी पंजाब भूमि उपयोग अधिनियम 1949 के तहत 20 साल की अवधि के लिए पट्टे के आधार पर आवंटित किया गया था और मूल आवंटी, हस्तांतरण करने वाला (ट्रांसफ्री) या उनके मूल आवंटी के खेती अधिकार में शामिल है और उनके कानूनी उत्तराधिकारी को तत्काल प्रभाव से शामलात देह के दायरे से बाहर रखा जाएगा। इसके अलावा यह प्रस्तावित है कि मूल पट्टेदार, हस्तांतरण करने वाला (ट्रांसफ्री) या उनके कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत को एक निर्धारित राशि का भुगतान करना अवश्यक होगा। कलेक्टर द्वारा सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आवेदक की प्रार्थना पर राशि निर्धारित की जाएगी। इसके अलावा शामलात देह में ऐसी भूमि का स्वामित्व गांव के उन निवासियों को बिक्री द्वारा हस्तांतरित किया जाएगा, जिन्होंने 31 मार्च, 2004 को या खुली जगह सहित 500 वर्ग गज तक बाजार शुल्क से कम दर पर घरों का निर्माण किया है।

### सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ाने के लिए स्टेज कैरिज योजना में सुधार

मंत्रिमंडल की बैठक में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने और नागरिकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अध्याय VI के तहत तैयार की गई 2016 की स्टेज कैरिज योजना में संशोधन को मंजूरी दी। कुशल और किफायती परिवहन सेवाओं के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए संशोधन के अनुसार, प्रस्तावित संशोधनों में रूटों की संख्या 265 से बढ़कर 362 कर दी गई है। इस विस्तार में रूटों को जोड़ना, बदलना और हटाना शामिल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करना है। इसके अलावा, राज्य परिवहन उपक्रमों और निजी ऑपरेटरों दोनों के हितों को 50-50 के अनुपात में संतुलित करते हुए, प्रति रूट परमिट की संख्या पर एक सीमा लगाई गई है। उनके संबंधित जिलों के मौजूदा परमिट धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे मामलों में जहां आवेदन किसी रूट के लिए अधिकतम परमिट से अधिक हैं, ड्रॉ के माध्यम से एक निष्पक्ष चयन प्रक्रिया लागू की जाएगी।

# वैनर्जी लासिज करनाल के लक्षित का हुआ आरआईएम सी में चयन

## तेरह साल का लक्षित फाइटर पायलेट बनना चाहता है आर.आई.एम.सी में पढ़ कर

- देश भर मे नौवां और प्रदेश में पहला रैंक प्राप्त किया
- अब तक बैनेर्जी दे चुके हैं देश को 150 से अधिक आई एएस आईएफ एस, आई पी एस जजेज और राज्य प्रशासनिक अफसर



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** करनाल में वैनेर्जी क्लासिज की सफलता की श्रंखला में एक और अध्याय आज उस समय जुड़ गया जब यहां के 13 वर्षीय विद्यार्थी लक्षित ने राष्ट्रीय सैनिक कालेज आर आई एम सी की प्रवेश परीक्षा में नौ वां रैंक प्राप्त किया। उसका राष्ट्रीय सैनिक कालेज आर.आई. एम.सी में चयन हुआ। हरियाणा से एक मात्र विद्यार्थी लक्षित रहा।

आर आई एम सी में प्रवेश के लिए भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा ली जाती हैं। इसमें देश भर से हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं। जिसका इस कालेज में प्रवेश मिला। लक्षित को साक्षात्कार के लिए प्रशिक्षण मिहिर बैनेर्जी ने दिया। मिहिर वैनेर्जी यूपीएससी, ज्यूडीशियरी, राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा के सथ एनडीए तथा अन्य परीक्षों की तैयारी के साथ साक्षात्कार की त्यैारी करवाते हैं। लक्षित के पिता राजेश दुआ व्यवसायी हैं। उसकी मां मीनू दुआ कान्वेंट स्कूल में पीजीटी हैं। लक्षित ने बताया कि वह इस समय सैनिक स्कूल कंजपुरा का छात्र हैं।

पंचवी तक उसने कान्वेंट स्कूल से पढ़ाई की। उसने बताया कि उसने इसमें सफलता के लिए आठ से नौ घंटे तक पढ़ाई की। उसने यू ट्यब के माध्यम से भी तैयारी की। लक्षित ने बताया कि यह उसका दूसरा प्रयास था। लक्षित की मां मीनू दुआ ने बताया कि वह शिक्षिका हैं। उन्होंने बच्चे की रुचि को देख कर उसे तैयार किया। उसकी काउसंलिग की। उन्होंने बताया कि वह चाहती थी कि उनका बेटा सैनिक अफसर बने। लक्षित ने बताया कि वह फाइटर पायलेट बनना चाहता हैं। इस अवसर पर मिहिर वैनर्जी ने बताया कि इस कालेज में पच्चीस सीटें होती हैं। इस बार केवल 22 बच्चों का ही देश भर से चयन हुआ। इस कालेज में प्रवेश के लिए परीक्षा यूपीएससी से कम नहीं होती हैं। उन्होंने बताया कि लक्षित की प्रतिभा को सबसे पहले उसकी मां ने पहचाना।

उसके बाद उसकी प्रतिभा को वैनर्जी सर ने तराशा। अब तक असारएम सी से निकल कर बच्चे आगे चल कर चीफ आफ आर्मी, राज्यपाल दूतावास में अफसर, तथा मंत्री बनते हैं। वह अब तक देश को 130 आई ए एस आई पीएस जजेज तथा राज्य प्रशासिनक और पुलिस सेवा के अधिकारी दे चुके हैं। इस अवसर पर गगन वैनर्जी और देवेंद्र मोहन सिंह ने भी जानकारी दी।

### साक्षात्कार का श्रेय वैनर्जी सर को दिया

करनाल के लक्षित ने सफलता के लिए बनर्जी क्लासिज को श्रेय दिया। उसने बताया कि प्राथमिक तौर पर उसकी माता ने तैयारी करवाई। उसकी काउसंलिंग भी दी। उसने बताया कि करंट अफेयर के लिए उसने अखबारों का सहारा लिया। उसने अंग्रजी, गणित और तर्कशीलता के लिए पढ़ाई की। इसके लिए पजल्स का सहारा लिया।

# करनाल लोकसभा सीट से ब्राह्मण प्रत्याशी को टिकट दिए जाने की मांग



प्रवीन ठाकुर

**पानीपत :** रोड स्थित महाराज होटल में आज सर्व ब्राह्मण समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण समाज के प्रधान रतन शर्मा ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा ब्राह्मण समाज को उसकी संख्या के हिसाब से टिकट देने का रहा।

बैठक में बोलते हुए प्रधान रतन शर्मा ने बीजेपी से मांग की है करनाल लोकसभा सीट से किसी ब्राह्मण प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारे तथा डिप्टी सीएम ब्राह्मण समुदाय से घोषित करे। रतन शर्मा ने कहा कि करनाल लोकसभा सीट ब्राह्मण बाहुल्य सीट है इस पर ज्यादातर सांसद ब्राह्मण समाज से ही रहे हैं। पिछले चुनाव में बीजेपी ने यह सीट ब्राह्मण समाज से छीनने का काम किया था पर इस बार ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। हरियाणा में डिप्टी सीएम का पद ब्राह्मण समुदाय को देने की घोषणा कांग्रेस कर चुकी है इसलिए बीजेपी को भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि उनकी सरकार बनने पर एक डिप्टी सीएम ब्राह्मण समुदाय से बनाया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता राजेश कौशिक एडवोकेट कहा कि लोकसभा में एक और विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज को करीब 20 सीट भाजपा द्वारा दी जाएं। उन्होंने कहा कि राजनीति में हिस्सेदारी के बिना किसी भी समाज की तरक्की नहीं हो सकती।

वहीं एडवोकेट डी.के.पंडित ने कहा की संख्या के हिसाब से राजनीति में अपनी हिस्सेदारी मांगना हर समाज का हक है तथा उसे उनके अनुपात में हिस्सेदारी देना राजनीतिक दलों का कर्तव्य। अब सभी समाज जागरूक हो चुके हैं इसलिए राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह उन्हें उनकी संख्या के अनुसार सीटें देकर अपना फर्ज निभाए। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा पट्टीकल्याणा, हल्का इसराना प्रधान रामचंद्र शर्मा, रामनिवास परढाना, विष्णु शर्मा, अजय शर्मा, वासु शर्मा, अनिल शर्मा व महावीर मंडी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कौशल निगम के नाम पर युवाओं का शोषण कर रही सरकार : राजबीर सोरखी

## बसपा की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा का सिरसा व फतेहाबाद में हुआ जोरदार स्वागत

- यात्रा के जरिये बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और महिला अत्याचार के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेर रही है बसपा



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा सिरसा लोकसभा में पहुंची। पांचवें दिन हिसार से मंगलवार सुबह रवाना हुई यात्रा को सिरसा में पहुंचते ही भारी जनसमर्थन मिला। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से विपक्षी दलों की परेशानी बढ़ रही है।

प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के नाम पर गठबंधन सरकार युवाओं का शोषण कर रही है। सरकार पक्की नौकरियों में देरी कर रही है तो कौशल निगम के जरिये विदेश में युवाओं को रोजगार देने के बहाने उनकी जिंदगी दांव में पर लगाई जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि यात्रा पांचवें दिन में प्रवेश कर गई है, जिससे तरह से यात्रा को समर्थन मिल रहा है, उससे विपक्षी खेमा घबराया हुआ है। पांचवें दिन यात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास छात्रावास से हुआ। यहां से यात्रा ने सिरसा जिले में प्रवेश किया, जहां पर भोड़ा व खाराखेड़ी में यात्रा का जबदस्त स्वागत हुआ। इसके बाद चिंदड, भाणा भोडिया, बनवाली, किरढान, भट्ट, मंदौरी, माखोसरानी, नाथूसरा चौपटा, सिरसा, डींग से होते हुए फतेहाबाद पहुंची, जहां पर यालकी, अहरवा, रतिया, चिमो, नन्हेडी, धारसुल, कुला, अकावाली, जमालपुर शेखा और टोहाना में जोरदार स्वागत हुआ।

प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा ने कहा कि सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रखने में पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है। बसपा की सरकार बनने पर कानून व्यवस्था को बहाल किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राम कुमार सलवान, प्रदेश सचिव लीलूराम आशाखेड़ा, हरपाल धारसूल, प्रवीण फतेहपुरी, जिला फतेहाबाद के प्रधान कर्मवीर रंगा, सिरसा जिलाध्यक्ष भूषण लाल, प्रभारी धर्मपाल माखोसरानी, पूर्व प्रत्याशी रविंद्र बाल्यान, विक्रम इंदौरा, मनोज अठवाल, राजेश खारा, विकास बनभोरी आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ऐतिहासिक होगा लखपति दीदी महासम्मेलन : नायब सैनी

## लखपति दीदी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्यातिथि

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि करनाल में होने वाला लखपति दीदी महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने ये बातें मंगलवार को करनाल में कार्यस्थल का जायजा लेने के दौरान कही। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, सुरेन्द्र पुनियां, डा. अर्चना गुप्ता के अलावा विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला महामंत्री सुनील गोयल और जय भगवान सीकरी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के बाद प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। नायब सैनी ने कहा कि महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत करनाल मे लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हैं और उनके सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं। अब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही



हैं। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी कोलकाता से नारी शक्ति वंदन के तहत अपना संबोधन रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं व समाज के अन्य वर्गों के लोगों से बड़ी संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन और मुख्यमंत्री के विचार सुनने की भी अपील की। नायब सैनी ने कहा कि इस महासम्मेलन में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठाये हैं तथा सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिये हर संभव कदम उठा रही है।

# बुधवार को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला तोशाम हलके का करेंगे दौरा

**चंडीगढ़।** बुधवार छह मार्च को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला तोशाम, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला चंडीगढ़, कुरुक्षेत्र, दादरी, रेवाड़ी, गुरुग्राम तथा जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला बरवाला हलके में रहेंगे। जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने बताया कि अजय चौटाला तोशाम हलके में क्रमशः गांव रिसावा, सांगवान, किरावड़, भुरटाना, खानक और सरल में ग्रामीणों व जेजेपी कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला क्रमशः चंडीगढ़ के एसडी कॉलेज, कुरुक्षेत्र में गांव किरमच, दादरी के गांव कादमा में सेठ कालू राम गोयल कॉलेज का उद्घाटन समारोह, रेवाड़ी के गांव प्राणपुरा, ढाकिया, गुरुग्राम के झाड़सा में आयोजित विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। दिग्विजय चौटाला बरवाला हलके में क्रमशः ढाणी गारण, पंघाल, खरकड़ी, मिर्जापुर, धान्सु आदि स्थानों का दौरा करेंगे।

# ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसान अपनी फसलों के नुकसान का पंजीकरण करें 15 मार्च तक : उपायुक्त

**यमुनानगर :** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि के कारण हुए फसली नुकसान की जानकारी को किसान 15 मार्च तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों की सुविधा के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला है। दो दिन पहले ओलावृष्टि व बारिश के कारण किसानों की फसल खराब हुई है, प्रभावित किसान अपनी फसलों के नुकसान का पंजीकरण www.ekshatipurti. haryana. gov .in पोर्टल पर 15 मार्च तक कर सकते है। उन्होंने बताया कि फसलों के पंजीकरण के लिए किसान का परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है, किसान द्वारा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। डीसी ने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल प्राकृतिक आपदा के मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और बेहतर प्रणाली है। अधिक जानकारी के लिए राजस्व अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

# जुमलेबाजी की सरकार साबित हो रही है भाजपा : कुलदीप बाल्यान

## हाईकोर्ट ने डीएसडब्ल्यू सहित पेंशन धारकों की वेरीफिकेशन करने वालों पर दर्ज करने के दिए निर्देश

- सामाजिक न्याय विभाग के प्रमुख सचिव और महानिदेशक अवमानना नोटिस दिया जारी
- बसपा के केंद्रीय प्रभारी कुलदीप बाल्यान ने भाजपा सरकार को जुमलेबाजी की सरकार करार दिया। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और घोटालों से आमजन परेशान है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। जनप्रतिनिधि की हत्या के साथ प्रदेश में फिरौती, लूट व महिलाओं के खिलाफ अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। भाजपा जमीनी स्तर पर पूरी तरह पिछड़ा चुकी है। जनता बदलाव चाहती है और बसपा सबसे बड़ा विकल्प बनकर उभर रही है।

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के अलग-अलग जिलों में मृत व्यक्तियों को करोड़ों रुपये पेंशन के रूप में देने कि मामले में हाई कोर्ट में सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका ने नया मोड़ ले लिया है। आरटीआई कार्यकर्ता राकेश बैंस व सुखविंदर सिंह के वकील प्रदीप रापडिया ने अंतरिम राहत के लिए याचिका दायर करके कोर्ट को बताया कि सिर्फ शाहबाद (कुरुक्षेत्र) में मनगढंत एफआईआर दर्ज करके व 13,43,725 रुपये की राशि सरकारी खजाने में जमा करवाने के बाद एक बड़े घोटाले को दबाने के इरादे से पुलिस ने पुरे घोटाले को अंजाम देने के जुर्म में सिर्फ एक रिटायर्ड सेवादार व क्लर्क के खिलाफ निचली अदालत में बोगस व जाली चालान पेश कर दिया।

रापडिया के कोर्ट को बताया कि मामले में कैग रिपोर्ट के अलावा तीन विभागीय जांच हुई और तीनों जांचों में शाहबाद के पार्षदों और जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को दोषी पाया गया। जिन पार्षदों ने ऐसे पेंशन धारकों की पहचान की जो पहले ही स्वर्ग सिधार चुके हैं और सरकारी खजाने से पेंशन राशि निकालने में मदद की; उनकी सूची खुद समाज कल्याण विभाग ने पुलिस को भेजी थी लेकिन हैरान करने वाली बात है कि सभी दोषी पार्षदों व जिला समाज कल्याण अधिकारी को चालान में सरकारी गवाहों की सूची में रखा गया है, जबकि याचिकर्ता जिसकी शिकायत पर तीन जाँचें हुई और इतना बड़ा घोटाला उजागर हुआ उसको सरकारी गवाहों के सूची से बाहर कर दिया गया है।

तो और याचिकर्ता ने रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक व थानेदार को को पत्र लिखकर मामले हर संभव सहायता देने की पेशकस की लेकिन मामले को दबाने की नियत से पुलिस ने ना तो उससे पूछताछ की ना ही उसको सरकारी गवाह बनाया। ऐसे में याचिकर्ता ने सीबीआई जांच की मांग दोहराते हुए निचली अदालत की आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है और उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है जिन्होंने पार्षदों व बड़े अधिकारियों को बचाने की नियत से बोगस चालान पेश किया है।

आर.टी.आई. कार्यकर्त्ता राकेश बैंस ने अपने वकील प्रदीप रापडिया के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर करके पुरे हरियाण में हुए पेंशन वितरण में हुए घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग की और आरोप लगाया कि तत्कालिन सरपंचों व नगर पालिका के पार्षदों ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत करके ऐसे व्यक्तियों को पेंशन वितरण कि जो स्वर्ग सिधार चुके हैं और सरकार को करोड़ों रुपये का चुना लगाया। हरियाणा के अलग अलग जिलों में मृत व्यक्तियों को करोड़ों रुपये पेंशन के रूप में देने कि मामले कि सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने 18 जनवरी को हरियाणा के एडवोकेट जनरल को नोटिस ज़ारी करते हुएमामले में स्टेटस रिपोर्ट दायर करने की हिदायत दी थी। 24 अक्टूबर को कोर्ट में स्टैट्स रिपोर्ट दायर करके कोर्ट को बताया गया की शाहबाद में समाज कल्याण विभाग ने एफ.आई.आर. दर्ज करवा दी है और 13,43,725 रुपये की राशि दोषी अधिकारियों से रिकवर कर ली गयी है।

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का किसानों को तुरंत मुआवजा दे सरकार : कुमारी सैलजा

## कहा, ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की तुरंत स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके



सुमन शर्मा

**चंडीगढ़ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ है। पहले ही महंगाई की मार झेल रहे प्रदेश के किसानों पर अब मौसम की मार पड़ी है।

इसलिए सरकार को चाहिए कि ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की तुरंत स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। आज मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने बारिश और भारी ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के कई जिलों में किसानों की खराब हुई फसल पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि किसान पहले से ही भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी महीनों की मेहनत पर पूरी तरह से पानी फिर गया है। गेहूं, सरसों, चना, जौ समेत अन्य कई फसलें भारी ओलावृष्टि के कारण तबाह हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि किसान हितैषी होने का दम भरने वाली सरकार के मुंह से ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों को लेकर एक शब्द भी नहीं निकला, जिससे ये स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार केवल और केवल जुमलों की ही सरकार है। पहले तो बीमा कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के नाम पर सरकार ने किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया। किसानों के खातों से बीमा राशि तो काट ली गई, लेकिन जब बात मुआवजा देने की आई तो बीमा कंपनियों ने हाथ खड़े कर दिए। और तो और सरकार ने किसानों के इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली।

उन्होंने कहा कि आज अन्नदाता की हालत बहुत चिंताजनक है और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खाद, बीज, कीड़े मार दवाइयों, डीजल, कृषि उपकरण और खेत मजदूरी महंगी हो जाने से खेती करना पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गया है। आज हालात यह है कि देश और प्रदेश के ज्यादातर किसान कर्जे में डूबे हुए हैं। प्रदेश के किसानों की आमदनी के मुकाबले उनका खर्च कहीं अधिक है। किसानों की आय घाटे में चल रही है और किसानों के हालात बद से बदतर होती जा रहे हैं। अपने बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण किसान भाइयों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

फसलों की क्षति के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान भी हुआ है। किसानों के श्रम की हानि की भरपाई तो किसी भी माध्यम से नहीं की जा सकती, लेकिन मैं हरियाणा सरकार से मांग करती हूं कि अन्नदाताओं को खराब हुई फसलों का तुरंत मुआवजा दिया जाए ताकि उन्हें अपनी आजीविका चलाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए।